
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

21 जनवरी 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

हमें अतीत के बारे में पछतावा नहीं करना चाहिए, न ही भविष्य के बारे में चिंतित होना चाहिए; विवेकपूर्ण व्यक्ति केवल वर्तमान क्षण में जीते हैं।

**चाणक्य**



राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

21 जनवरी

मधु प्रिया

## रास बिहारी बोस का निधन 21 जनवरी




रास बिहारी बोस का जन्म 25 मई 1886 को वर्धवान जिले के पश्चिम बंगाल में हुआ था। उनके पिता का नाम विनोद बिहारी बोस था। बहुत छोटी उम्र से ही वह अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति में शामिल हो गए थे। रास बिहारी बोस बचपन से ही देश को स्वतंत्र करने के सपने देखते थे और क्रन्तिकारी गतिविधियों में रूचि रखते थे। जब वह मात्र तीन साल के थे तो उनकी मां का देहांत हो गया था। जिसके बाद उनका पालन-पोषण उनकी मामी करती थी। उन्होंने अपनी शिक्षा चन्दननगर से शुरू की थी। अपने शिक्षक चारू चांद से उन्हें क्रांति की प्रेरणा मिली थी। इसके बाद उन्होंने चिकित्सा शास्त्र और इंजीनियरिंग की पढ़ाई फ्रांस और जर्मनी से की। उनका ज्यादा ध्यान क्रांतिकारी गतिविधियों में ज्यादा था।उन्हें अपने देश भारत के प्रति उनके मन में बचपन से ही श्रद्धा थी।उन्होंने 23 दिसंबर, 1912 को दिल्ली में एक परेड में बम फेंककर लॉर्ड हार्डिंग की हत्या करने का प्रयास किया था। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान भारत को गुलामी की जंजीरों से आज़ाद करने के लिए बोस ने कई योजनाये बनायीं। उन्होंने "इंडियन इंडिपेंडेंस लीग" की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके द्वारा चलाये जा रहे क्रांतिकारी गतिविधियों का मुख्य केंद्र था "वाराणसी" यहाँ से उन्होंने सारे गुप्त क्रांतिकारी आंदोलनों का संचालन किया। जापान में उन्होंने अपने जापानी क्रान्तिकारी मित्रों के साथ मिलकर देश को आज़ाद कराने के लिए कई प्रयास किये। इसके अलावा जापान में उन्होंने अंग्रेजी अध्यापन, लेखन और पत्रकारिता का कार्य भी किया। वहाँ पर उन्होंने 'न्यू एशिया' नाम से एक समाचार-पत्र निकाला और जापानी भाषा भी सीखी और सिख कर इस भाषा में 16 पुस्तके भी लिखी। उन्होंने हिन्दू ग्रन्थ 'रामायण' का भी अनुवाद जापानी भाषा में किया है।उन्होंने जापान में "इंडियन इंडिपेंडेंस लीग" की स्थापना की थी और इसका नेतृत्व करने के लिए सुभाष चंद्र बोस को भी बुलाया था। इसके लिए उन्होंने खुद को नेताजी के सलाहकार के रूप में नामित किया था। सन 1915 में वह एक योजना ग़दर विद्रोह का भी हिस्सा थे। इस विद्रोह की क्रांति बड़े पैमाने पर विफल रही और अधिकांश नेताओं को गिरफ्तार भी कर लिया था। रास बिहारी बोस शांत और स्पष्ट सोच के थे, उनके पास क्रांति को व्यवस्थित करने की अपरिहार्य ऊर्जा थी। भारत को ब्रिटिश शासन की गुलामी से मुक्ति दिलाने की जी-तोड़ मेहनत करते हुए किन्तु इसकी आस लिये हुए। 21जनवरी 1945 को इनका निधन हो गया। उनके निधन से कुछ समय पहले जापानी सरकार ने उन्हें आर्डर ऑफ द राइजिंग सन के सम्मान से अलंकृत भी किया था।

Your paragraph text /teachersofbihar

हरिवंश राय बच्चन जी का जन्म 27 नवम्बर 1907 को

# पुण्यतिथि विशेष 21 जनवरी




**आचार्य शिवपूजन सहाय** *Acharya Shivpujan Sahay*, जन्म- 9 अगस्त, 1893, शाहाबाद, बिहार; मृत्यु- 21 जनवरी, 1963, पटना) हिन्दी साहित्य में एक उपन्यासकार, कहानीकार, सम्पादक और पत्रकार के रूप में प्रसिद्ध थे। इनके लिखे हुए प्रारम्भिक लेख 'लक्ष्मी', 'मनोरंजन' तथा 'पाटलीपुत्र' आदि पत्रिकाओं में प्रकाशित होते थे।

TOB

# खेल कॉर्नर




## भारत में न्यूजीलैंड वनडे सीरीज के नतीजे

| साल | सीरीज रिजल्ट | विजेता |
|---|---|---|
| 1988 | 4-0 | भारत |
| 1995 | 3-2 | भारत |
| 1999 | 3-2 | भारत |
| 2010 | 5-0 | भारत |
| 2016 | 3-2 | भारत |
| 2017 | 2-1 | भारत |
| 2023 | 3-0 | भारत |
| 2026 | 2-1 | न्यूजीलैंड |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 21.01.2026

## वाक्य संरचना

वाक्य संरचना **(Sentence Structure)** से तात्पर्य वाक्य में शब्दों, वाक्यांशों और उपवाक्यों को एक व्यवस्थित और व्याकरणिक तरीके से जमाना है, ताकि विचार स्पष्ट और प्रभावी ढंग से व्यक्त हो सकें; इसमें कर्ता, क्रिया और कर्म **(subject, verb, object)** का क्रम, विराम चिह्नों का उपयोग, और सरल से लेकर जटिल उपवाक्यों का संयोजन शामिल होता है, जो भाषा को सुगम और अर्थपूर्ण बनाता है।


# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




**प्राकृतिक सुंदरता** और हमारी अनमोल सांस्कृतिक धरोहर के आधार पर, **भारत** को दुनिया के छठे सबसे खूबसूरत देश के रूप में चुना गया है। **ऑस्ट्रेलिया** और मैक्सिको के बाद भारत ने यह **शानदार** स्थान हासिल किया है।



राकेश कुमार


पद्य पंकज
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
मैं सागर से भी गहरा हूं,
तुम कितने कंकड़ फेकोगे,
चुन चुन कर आगे बढ़ूंगा मैं,
तुम मुझको अब तक रोकोगे!
हरिवंशराय बच्चन
Madhu priya
www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
शिवपूजन सहाय
जन्म- 9 अगस्त 1893
मृत्यु- 21 जनवरी 1963
/teachersofbihar
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
रास बिहारी बोस
जन्म-25 मई 1886
मृत्यु- 21 जनवरी 1945
Madhupriya
/teachersofbihar

21 जनवरी 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

केवल ज्ञान की ज्योति द्वारा ही मानव मन के अन्धकार को दूर किया जा सकता है।



- राजाराम मोहन राय

*Vishwa Vijay Singh*

www.teachersofbihar.org